# आकाशवाणी भोपाल
## शाम के समाचार

दिनांक 03.08.2024 समय: 7.10 PM

### मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा सरकार किसानों के जीवन में सुधार के लिये कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है।
- षिक्षा ग्रहण करना प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार, कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने।
- प्रदेश में राजस्व महा अभियान 2.0 में अब तक 9 लाख 61 हजार 245 प्रकरणों का निराकरण ।

और

आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिष का अलर्ट ।

--------------

प्रधानमंत्री–कृषि अर्थशास्त्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इनका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक देश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है।

सड़क निर्माण

केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज मुरैना में कहा कि सरकार ने ग्वालियर से आगरा 6लैन हाइवे के निर्माण की स्वीकृति दी है। उन्होंने अंचल को मिली उपलब्धियों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडक़री का आभार व्यक्त किया।

श्री सिंधिया ने कहा कि इस हाइवे के निर्माण के दौरान 6 फ्लाईओवर, 8 ब्रिज भी निर्मित होंगे। इस मार्ग के निर्मित होने से दिल्ली–ग्वालियर के आवागमन में लगने वाले समय में अत्यधिक कमी आ जायेगी।

ड्रॉपआउट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है। किसी भी पद और हैसियत से अधिक महत्व शिक्षा का है। डॉ. यादव आज भोपाल में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला में हिस्सा ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रयासों में पूर्ण सहयोग करेगी। यह प्रयास होगा कि कोई बच्चा स्कूल जाना बंद न करे। किन्हीं परिस्थितियों में ड्राप आउट के लिए विवश का शिकार न बने। शिक्षा ग्रहण करना प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि शिक्षा पूरी पीढ़ी को बदलने का कार्य करती है। विपरीत परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाना महत्वपूर्ण है। अभिभावकों द्वारा रोजगार के लिए अन्य राज्यों में जाने पर बच्चों की शिक्षा में बाधा उत्पन्न होती थी। अब अन्य राज्यों में भी हिन्दी में विद्यार्थियों को पाठ्य–पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती हैं।

आकाशवाणी संगीत समारोह

आकाशवाणी संगीत समारोह आज नई दिल्ली में आकाशवाणी परिसर में शुरू हो गया है। दो दिन के इस समारोह में पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना, पंडित जयतीर्थ मेवुन्दी और पंडित विश्व मोहन भट्ट सहित देश के जाने–माने संगीतज्ञ अपनी प्रस्तुतियां देंगे। दिल्ली के अतिरिक्त आकाशवाणी समारोह का आयोजन अलग–अलग दिवसों पर हैदराबाद, पटना, जम्मू, शिलांग, इम्फाल, कटक, बेंगलुरू, भोपाल, चेन्नई और रॉची सहित विभिन्न शहरों में किया जा रहा है। इन आयोजनों के जरिए आकाशवाणी देश की सांस्कृतिक विरासत के सरंक्षण और विविध संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राजस्व महा अभियान

लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रदेश में चल रहे राजस्व महा अभियान 2.0 में अब तक 9 लाख 61 हजार 245 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। अभियान में 18 जुलाई से एक अगस्त तक सिंगरौली और रायसेन जिलों में कुल लंबित नामांतरण प्रकरणों में से 99 प्रतिशत से अधिक के प्रकरणों का निराकरण किया गया हैं । बंटवारा प्रकरणों में अलीराजपुर, दतिया, रायसेन और हरदा जिले ने कुल लंबित प्रकरणों में से 100 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया है। अभिलेख दुरूस्ती के मामलों में हरदा, शाजापुर और श्योपुर में कुल लंबित प्रकरणों में से 100 प्रतिशत का निराकरण किया गया

है। राजस्व न्यायालयों में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दूरूस्ती के लंबित 100 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण के साथ ही आदेशों का राजस्व अभिलेख में अमल और डिजीटल क्रॉप सर्वेक्षण सहित कई कार्य  शामिल है।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में उत्कृष्ट मकान बनाने वाली आगरमालवा जिले की एक महिला हितग्राही को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। हितग्राही मंजू जैन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में बनाये गये सुन्दर, आकर्षक और सर्वसुविधायुक्त मकान को राज्य व केन्द्र सरकार की टीमों ने भी निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट पाया था। हितग्राही मंजू जैन ने योजना का लाभ देने के लिये प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

जीएसटी

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि जीएसटी संग्रहण में राजस्व निरीक्षकों की अहम भूमिका होती है, जिसका राष्ट्र की अर्थ–व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। यह विभाग न केवल जीएसटी के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है, बल्कि करदाताओं को आवश्यक मार्ग दर्शन और सहायता भी प्रदान करता है। श्री देवड़ा भोपाल के रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर निरीक्षक के वार्षिक अधिवेशन एवं स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। श्री देवडा ने वाणिज्यिक कर निरीक्षक से अपील की है कि राजस्व वृद्धि के लिये बकाया की रिकवरी में स्वयं प्रेरित रहकर कार्य करें, डीलर बेस बढ़ाये, टैक्स इवेजन पर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य के लिये निरीक्षकों को प्रेरित करने के साथ ही पुरस्कार और सम्मान भी दिया जाना चाहिए।

मौसम

प्रदेश में बारिष का दौर लगातार जारी है। इस बारिष से कई नदी–नाले उफान पर है। कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। विदिशा  जिले से गुजरने वाला अशोक नगर स्टेट हाइवे सड़क मार्ग के  ग्राम कागपुर में बाहय नदी पुल से दो फीट ऊपर बहने के कारण आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। उधर बेतवा नदी पर बने गंज बासौदा तहसील का  पुल  और बर्रीघाट पुल डूब जाने के फलस्वरूप आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। उमरिया जिले के मंगठार स्थित संजय गांधी ताप विद्युत परियोजना की हाइड्रल इकाई के लिए जोहिला नदी पर बनाए गए डेम का गेट नंबर एक अत्यधिक जल भराव होने के कारण आज खोल दिया गया  । मौसम विभाग ने बताया कि मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से से गुजर रहा है। वहीं एक अन्य

ट्रफ पूर्व–पश्चिम से होकर इन्हीं क्षेत्रों में एक्टिव है। आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के सभी संभागों में कहीं–कहीं भारी बारिष का अलर्ट जारी किया गया है।

## समाचार संक्षेप में....

- 1. नीमच जिले में सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को जरूरी फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए जन सहयोग से चलाए जा रहे मिशन बेंच मार्क अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- शहडोल जिले में राजस्व महाभियान के दौरान नक्शा तरमीम, समग्र ई–केवाईसी, अभिलेख दुरुस्तीकरण, बटवारा, नामांतरण जैसे अन्य राजस्व मामलों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है।
- टीकमगढ कलेक्टर ने आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लोगों से दामिनी एप डाउनलोड करने की अपील की, इस एप से बिजली गिरने के 15 मिनट पहले मोबाईल पर अलर्ट आ जाएगा।
- खण्डवा जिले में 5 से 30 अगस्त तक मोतियाबिंद जांच तथा चयनित मोतियाबिंद हितग्राहियों के ऑपरेशन के लिये निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा।

सागर जिले के राहतगढ़ में लिंक कोर्ट का शुभारंभ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधीष संजय द्विवेदी ने किया । यह लिंक कोर्ट क्षेत्र के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। –

---------------------